# कहाँ हो कन्हैया भजन लिरिक्स

सुख में सभी थे संग मेरे,
दुख में दिखा नहीं कोई अपना,
तेरे हवाले दीनानाथ मेरी नैया,
कहाँ हो कन्हैया,
हारे के सहारे थाम लो बईयाँ,
तुम कहाँ हों कन्हैया,
कहाँ हों कन्हैया।bd।

तर्ज – लम्बी जुदाई।

---

खुद को मैं कैसे आज बचाऊँ,
डर लगता है कहीं डूब ना जाऊँ,
टूटी है नैया न पतवार,
ना खिवैया, कहाँ हों कन्हैया,
हारे के सहारे थाम लो बईयाँ,
तुम कहाँ हों कन्हैया,
कहाँ हों कन्हैया।bd।

---

संकट में मैं किसको पुकारूँ,
तेरी कन्हैया बस डगर निहारूँ,
लाज बचालो मेरी आज,
डोले नैया, कहाँ हों कन्हैया,
हारे के सहारे थाम लो बईयाँ,
तुम कहाँ हों कन्हैया,
कहाँ हों कन्हैया।bd।

---

मैं जानता हूँ तेरे सहारे,
लग जायेगी नाव किनारे,
देर ना लगाओ आओ श्याम,
पड़ूँ पइया, कहाँ हों कन्हैया,
हारे के सहारे थाम लो बईयाँ,
तुम कहाँ हों कन्हैया,
कहाँ हों कन्हैया।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
तेरे हवाले दीनानाथ मेरी नैया,

कहाँ हो कन्हैया,
हारे के सहारे थाम लो बईयाँ,
तुम कहाँ हों कन्हैया,
कहाँ हों कन्हैया।bd।

**Singer – Sohini Mishra**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com